अक्सर पूछे जाने वाले सवाल - इच्छुक पक्ष

अक्सर पूछे जाने वाले सवाल - इच्छुक पक्ष	जनता की प्रतिक्रिया
1. इच्छुक पक्ष क्या है?	कॉरोनर्स एक्ट 2006 के तहत, शहीद के घरवालों को कॉरोनियल जांच से संबंधित कुछ फैसलों की जानकारी पाने और उनमें शामिल होने का अधिकार है। इच्छुक पक्ष के रूप में कुछ लोग या संगठन शामिल हो सकते हैं जिनके बारे में कॉरोनर को लगता है कि जांच में उनकी भी विशेष रुचि है। उनकी रुचि एक आम व्यक्ति से अधिक या अलग होनी चाहिए।
2. अगर में 2019 के क्राइस्टचर्च मस्जिद हमलों की जांच में एक इच्छुक पक्ष बनूं, तो क्या होगा?	अगर आप जांच में एक इच्छुक पक्ष के रूप में हिस्सा लेते हैं, तो आप हमलों से जुड़ी और जानकारी पाने का अनुरोध कर सकते हैं और उन मुद्दों या चिंताओं को उठा सकते हैं जिन्हें आप समझते हैं कि अभियोजन प्रक्रिया या रॉयल कमीशन ऑफ इंक्वायरी द्वारा हल नहीं किया गया है। जानकारी, मुद्दों और चिंताओं के लिए किए गए किसी भी अनुरोध, कॉरोनियल के क्षेत्राधिकार के तहत आएंगे। कॉरोनर्स कोर्ट के बारे में ज़्यादा जानकारी के लिए, आप https://coronialservices.justice.govt.nz/about/ पर कोरोनियल सर्विसेज़ पेज देख सकते हैं साथ ही, चीफ़ कॉरोनर अपनी जांच के दौरान किसी भी ज़रूरी मामले से जुड़े सभी इच्छुक पक्षों को औपचारिक रूप से सूचित करेगा, जैसे कि अगर कोई जांच शुरू या पूरी होती है और किसी जांच का नतीजा आता है। अगर आगे प्रक्रिया में किसी जांच पर सुनवाई होगी, तो इच्छुक पक्षों को तारीख, समय और स्थान के बारे में सूचित किया जाएगा। इच्छुक पक्षों को किसी भी जांच में शामिल होने का मौका मिल सकता है।
3. अगर मैंने एक इच्छुक पक्ष के रूप में रजिस्टर नहीं किया है, तो क्या तब भी मुझे कॉरोनर की जांच के बारे में जानकारी मिल सकती है?	जी हां। जांच से जुड़ी सभी जानकारी के लिए आप www.coronialservices.justice.govt.nz/masjid-attacks-coronial-process पर मस्जिद हमलों से संबंधित पेज़ों पर सकते हैं। प्रक्रिया के दौरान सभी पेजों को नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा।

अक्सर पूछे जाने वाले सवाल - इच्छुक पक्ष	जनता की प्रतिक्रिया
4. अगर मैं शहीद के परिवार का सदस्य हूं और चीफ़ कॉरोनर पहले से ही मेरे संपर्क में हैं, तो क्या फ़िर भी मुझे एक इच्छुक पक्ष के रूप में रजिस्टर करने की ज़रूरत है?	नहीं, आपको ज़रूरत नहीं है।
5. क्या होगा अगर मैं एक शहीद के परिवार का सदस्य हूं और मैं भी हमलों के दौरान गोली से घायल हुआ हूं? क्या मुझे एक इच्छुक पक्ष के रूप में रजिस्टर करना चाहिए?	जी नहीं। अगर चीफ़ कॉरोनर पहले से ही आपके संपर्क में हैं, तो आपको एक इच्छुक पक्ष के रूप में रजिस्टर करने की ज़रूरत नहीं है।
6. मैं मस्जिद हमलों से संबंधित कॉरोनियल जांच में एक इच्छुक पक्ष के रूप में कैसे हिस्सा लूं?	यह आपकी परिस्थितियों पर निर्भर करता है: • अगर आप एक शहीद के परिवार के सदस्य हैं और चीफ़ कॉरोनर पहले से ही आपके संपर्क में हैं, तो आपको एक इच्छुक पक्ष के रूप में रजिस्टर करने की ज़रूरत नहीं है। • अगर आप हमले में घायल हुए थे या एक पीड़ित के अभिभावक हैं, तो आप चीफ़ कॉरोनर के कार्यालय को coronial.response@justice.govt.nz पर ईमेल करके या 0800 88 88 20 पर कॉल करके एक इच्छुक पक्ष के रूप में रजिस्टर कर सकते हैं। • बाकी सभी व्यक्तियों और संगठनों को एक इच्छुक पक्ष बनने के लिए आवेदन करना होगा। चीफ़ कॉरोनर आपके आवेदन पर विचार करने बाद नतीजा बताएंगे। आवेदन करने के लिए कृपया www.coronialservices.justice.govt.nz/masjid-attacks-coronial-process पर मस्जिद हमले से संबंधित पेज देखें।
7. हम एक बड़े समूह के रूप में इच्छुक पक्ष बनना चाहते हैं। क्या हम एक समूह के रूप में आवेदन कर सकते हैं?	जी हां, आप कर सकते हैं। बस आपको आपस में सहमति करके समूह के लिए एक प्रतिनिधि चुनना होगा। फिर वह व्यक्ति आपके समूह की ओर से एक इच्छुक पक्ष बनने के लिए आवेदन कर सकता है। आपके प्रतिनिधि को आवेदन करते समय यह स्पष्ट करना चाहिए: • कि वह समूह का प्रतिनिधित्व कर रहा है • समूह की कॉरोनियल जांच में रुचि।

अक्सर पूछे जाने वाले सवाल - इच्छुक पक्ष	जनता की प्रतिक्रिया
	चीफ़ कॉरोनर प्रतिनिधि के आवेदन पर विचार करने के बाद नतीजा बताएंगे। आवेदन करने के लिए कृपया www.coronialservices.justice.govt.nz/masjid-attacks-coronial-process पर मस्जिद हमले से संबंधित पेज देखें।
8. ऐसे समूह का क्या जो उन लोगों से बना है जिन्हें हमलों के दौरान गोली लगी? क्या हम एक समूह के रूप में रजिस्टर कर सकते हैं?	जी हां, आप कर सकते हैं। बस हर व्यक्ति को मुख्य कॉरोनर के कार्यालय को यह बताना होगा कि उनका प्रतिनिधि कौन है। आप coronial.response@justice.govt.nz पर ईमेल कर सकते हैं या 0800 88 88 20 पर कॉल कर सकते हैं। इसके बाद प्रतिनिधि, उन सभी गोली से घायल लोगों की ओर से चीफ़ कॉरोनर से इच्छुक पक्ष वाला पत्राचार पा सकता है।
9. अगर मैं एक इच्छुक पक्ष के रूप में रजिस्टर करता हूं, तो क्या मुझे पैनल के वकील से कानूनी सहायता मिल सकती है?	फ़िलहाल न्याय मंत्रालय द्वारा पैनल के वकीलों की सेवाओं को शहीदों के परिवारों के लिए प्राथमिकता दी गई है। अगर आपको हमलों में गोली लगने की वजह से घाव हुए हैं और आप यह कानूनी सहायता लेना चाहते हैं, तो कृपया coronial.response@justice.govt.nz पर ईमेल या 0800 88 88 20 पर कॉल करके मुख्य कॉरोनर के कार्यालय से संपर्क करें। सभी अनुरोधों पर अलग-अलग मामले के आधार पर विचार किया जाएगा।
10. क्या प्रक्रिया के किसी भी चरण में इच्छुक पक्ष बनने के लिए आवेदन किया जा सकता है?	अगर आप इच्छुक पक्ष बनने के लिए आवेदन करना चाहते हैं, तो हमारी सलाह है कि आप अभी आवेदन करें। अगर आपका आवेदन स्वीकार कर लिया जाता है, तो आपको चीफ़ कॉरोनर से जानकारी लेने के लिए अनुरोध करने और उन्हें उन मुद्दों या चिंताओं के बारे में बताने का समय मिलेगा, जिन्हें आप समझते हैं कि अभियोजन प्रक्रिया या रॉयल कमीशन ऑफ इंक्वायरी की रिपोर्ट द्वारा हल नहीं किया गया है। शहीदों के परिवारों के लिए यह प्रक्रिया पहले से ही चल रही है।